प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान का किया शुभारंभ : समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल लॉन्च कर कहा– सबको इस संकल्प से जोड़ने से मिलेगी सफलता।
2. मुख्यमंत्री कानपुर में भारत के पहले राष्ट्रीय डीपटेक सम्मेलन में हुए शामिल : कहा– आईआईटी कानपुर को डीपटेक इनोवेशन का बनाया जाएगा प्रमुख केंद्र।
3. इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पुलिस उप निरीक्षक भर्ती 2021 में अभ्यर्थियों को दी राहत : निरस्तीकरण आदेश रद्द कर तीन माह में प्रक्रिया पूरी करने का दिया निर्देश।

और

4. प्रदेश में गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर : गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और पीलीभीत में आज बंद रहे स्कूल।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक के विकसित भारत के विज़न को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान का शुभारंभ किया। एक माह तक चलने वाले इस अभियान क लिए

मुख्यमंत्री ने विशेष क्यूआर कोड और ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन किया। इनके जरिए सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने जनता से अपने सुझाव देने का आह्वान किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास से ही कायाकल्प संभव है। उन्होंने कहा कि गांव से लेकर अकादमिक संस्थाओं को विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प से जोड़ना होगा। बाइट....

*गांव आत्मनिर्भर होगा विकसित होने के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। उसके लिए रास्ता दिखाना है। इसके लिए तैयारी होनी है। इसके संकल्प के साथ हर एक व्यक्ति को जोड़ना है। अकादमिक संस्थाओं में इस पर चर्चा हो अकादमिक संस्थाएं हमारी टापू ना बन जाए अपने तक सीमित ना रह जाए बल्कि विकसित भारत के इस अभियान में विकसित उत्तर प्रदेश के इस अभियान में वह भी हिस्सेदारी दें।*

इस अवसर पर विजन डॉक्यूमेंट 2047 के लिए एक–दिवसीय ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन हुआ। कार्यशाला में प्रमुख सचिव नियोजन ने समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश 2047 संकल्प का पूरा खाका प्रस्तुत किया।

जिसमें तीन प्रमुख थीम हैं पहला अर्थ शक्ति, दूसरा सृजन शक्ति और तीसरा जीवन शक्ति। इसमें 12 मुख्य सेक्टर शामिल हैं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी और विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे और प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के रोडमैप पर गहन विमर्श किया।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज आईआईटी कानपुर के समन्वय से उद्योग–अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और सस्टेनेबिलिटी जैसे विषयों पर मंथन भारत को न केवल आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाएगा, बल्कि तकनीक और विकास का वैश्विक केंद्र स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री की मौजूदगी में भारत के पहले राष्ट्रीय डीपटेक सम्मेलन डीपटेक भारत 2025 का शुभारंभ आईआईटी कानपुर से हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईआईटी कानपुर को डीपटेक इनोवेशन का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा। बाइट.....

*मेरा मानना है कि यह एक नया फील्ड होगा जिसमें हमें कार्य करने की आवश्यकता है। उसमें खास तौर पर मैं इस बारे में आज कहूँगा की आईआईटी कानपुर इस दिशा में प्रयास करे की हम लोग भारत का पहला डीप टेक भारत ट्वेंटी ट्वेंटी फाइव की दिशा में आगे बढ़े। एक अच्छा हमारा समिट हो यहाँ पर जो डीप टेक भारत को लेकर के कार्य कर सके और आईआईटी कानपुर को इसका सेंटर बनाया जाना चाहिए।*

———————

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पुलिस उप निरीक्षक भर्ती 2021 में प्रदेश के लगभग 18 जिलों के सैकड़ों अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला देते हुए उनकी याचिकाओं को मंजूर कर लिया है। हाईकोर्ट ने याची अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन निरस्तीकरण आदेश को रद्द कर दिया है। उच्च न्यायालय ने

राज्य सरकार को निर्देशित किया है कि वे भर्ती की समस्त प्रक्रिया तीन माह के अन्दर पूरी करायें। कोर्ट ने कहा है कि यह आदेश उन अभ्यर्थियों पर भी लागू होगा, जिन्होंने हाईकोर्ट में याचिका नहीं दाखिल की थी और जिनका मैटर याचिकाकर्ताओं के समान है। भर्ती में कई अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा से वंचित रह गए थे।

———————————

केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल आज आगरा में संचार रणनीति के विकास पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुए। यह कार्यशाला संयुक्त राष्ट्र संचार विकास प्रोग्राम और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित की गई। इस अवसर पर श्री बघेल ने कहा कि कार्यशाला में अधिकारियों को संचार के क्षेत्र में डिजिटल तरीके से किसानों को जागरुक करने के बारे में जानकारी दी गई।

**बाइट.....**

*संचार के क्षेत्र में हम कैसे किसानों को जागरूक करें की ऐप के माध्यम से उन्नीस सौ बासठ के माध्यम से किस प्रकार से पशुओं का इलाज कर सके और किस प्रकार से एनिमल और डेयरी की स्कीम को किसानों तक पहुंच सके इसके लिए विशेषज्ञ आगरा में आए हुए हैं। इसमें ये देखना है की किस प्रकार से डिजिटल क्रांति जो हो रही है संचार का विकास किस प्रकार से हितधारकों तक पहुँचे।*

———————————

**5 सितंबर को भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे अयोध्या के दौरे पर आ रहे हैं। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि दौरे को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाइट.....**

*पाँच सितम्बर दो हज़ार पच्चीस को भूटान गणराज्य के माननीय प्रधानमंत्री का आगमन अयोध्या में हो रहा है और लगभग सुबह साढ़े नौ बजे वो आएँगे उनका रेड कारपेट वेलकम यहाँ पर जो प्रोटोकॉल है उसके तहत होगा उसके पश्चात उनको हम लोग राम जन्म भूमि मंदिर में ले जाएँगे जहाँ वो दर्शन पूजन करेंगे  एवं मंदिर का अवलोकन करेंगे,  उसके पश्चात उनके सम्मान में एक भोज का आयोजन हम लोगों द्वारा किया गया है।*

———————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ हो आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की 06 और 07 सितम्बर को दो पालियों में होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 2025 को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आज राजधानी लखनऊ में मंडलायुक्त**

डॉ रोशन जैकब व पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर की अध्यक्षता में परीक्षा को पारदर्शी और सुचारू तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से आयोग द्वारा जारी की गई प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा को सम्पन्न कराया जाए। रायबरेली में भी पीईटी परीक्षा–2025 का सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।

———————

प्रदेश सरकार बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या में दीपावली को यादगार बनाने के लिए 'दीपोत्सव 2025' का आयोजन करने जा रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा एक एरियल ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। इसमें एक हजार से अधिक रंग–बिरंगे ड्रोन एक साथ उड़ान भरकर भक्ति, अध्यात्म और आधुनिकता की झलक प्रस्तुत करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*अयोध्या में 19 अक्टूबर को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रामनगरी लाखों दीयों की रोशनी से आलोकित होगी। इस आयोजन का उद्देश्य भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की पौराणिक स्मृतियों को जीवंत करना है। इसके तहत पूरे नगर को आकर्षक*

*रोशनी से सजाया जाएगा और सरयू नदी के घाटों पर लाखों दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे दीपोत्सव में शोभायात्रा के साथ विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और धार्मिक आयोजन भी होंगे, जो आगंतुकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। लगभग 15 मिनट तक चलने वाले इस शो में एक हजार से अधिक मेड इन इंडिया ड्रोन मेला की पौराणिक एवं आध्यात्मिक गाथा को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करेंगे। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

————————

**यूपी टी 20 लीग के आज पहले क्वॉलिफायर में मेरठ मावेरिक्स और काशी रुद्रास के बीच मुकाबला हुआ। काशी ने मेरठ पर पांच रनों से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बना ली। काशी रुद्रास ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेरठ को 167 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसका पीछा करते हुए मेरठ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।**

————————

**प्रदेश में रुक रुक बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की नदियां उफान पर हैं। बदायूं, फर्रुखाबाद, बलिया में गंगा, मुजफ्फरनगर, मथुरा में यमुना, लखीमपुर खीरी में शारदा, बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शाहजहांपुर में लगातार बारिश से गर्रा और खन्नौत नदी उफान पर हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*शाहजहांपुर में सिंधौली क्षेत्र के कठपुरा पुल को पार कर पानी गांवों में घुस गया है। पुवायां–बंडा–नाहिल–बिलसंडा रोड पर भी पानी भर गया है। वहीं विकासखंड खुदागंज के होशीपुर गांव में बाढ़ का पानी घरों तक पहुंच गया है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने हालात पर निगरानी बढ़ा दी है। कौशलेंद्र मिश्र, आकाशवाणी समाचार, शाहजहांपुर*

प्रदेश सरकार की तरफ से राहत और बचाव कार्य तेजकर दिए गए हैं। वहीं गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और पीलीभीत समेत कई जनपदों में आज बारिश के चलते स्कूल बंद रहे।

(समाप्त)